# न्याय निर्णय अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट दौसा

पीठासीन अधिकारी : सुरेश कुमार, आर.ए.एस.

**प्रकरण संख्या : 12/2022 FSSA**

1. सरकार जरिये श्री महेन्द्र कुमार चतुर्वेदी खाद्य सुरक्षा अधिकारी
कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दौसा । — आवेदक—

बनाम

1. श्री रामरतन गुर्जर पुत्र श्री मनफूल गुर्जर
एफबीओ मैसर्सः—दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति कोड नं. 2265, ढण्ड की ढाणी, गुलर चौराहा, तहसील बसवा जिला दौसा।

— अभियुक्त—

जुर्म अन्तर्गत धारा 26 एफएसएस एक्ट 2006 व सपठित नियम 2011

उपस्थिति : खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित।
: अप्रार्थी अभियुक्त श्री रामरतन गुर्जर स्वयं उपस्थित।

—: आदेश :— दिनांकः— 08.03.2023

संक्षिप्त में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार से है कि आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पद पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दौसा के कार्यालय में कार्य सम्पादन कर रहे थे। राज्य सरकार द्वारा राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना (नोटिफिकेशन) क्रमांक एच/पीएफए/नोटिफिकेशन/2011/440 दिनांक 26.07.11 के अनुसार आवेदक को खाद्य सुरक्षा अधिकारी की शक्तियां प्रयुक्त करने के लिए अधिकृत किया गया था तथा श्रीमान आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं निदेशक (जन.स्वा.) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें राज. जयपुर के आदेश क्रमांक 475 दिनांक 10.08.2011 के द्वारा आवेदक को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दौसा के अन्तर्गत आने वाले समस्त स्थानीय क्षेत्र जिला दौसा आवंटित किया गया था।

आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दिनांक 4.2.2022 को प्रातः 08:30 बजे मैसर्सः— दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति, कोड नं. 2265, ढण्ड की ढाणी, गुलर चौराहा तहसील बसवा जिला दौसा स्थित का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय डेयरी पर विक्रेता श्री रामरतन गुर्जर पुत्र श्री मनफूल गुर्जर उपस्थित मिला। विक्रेता ने स्वयं को उक्त डेयरी का मालिक होना बताया। विक्रेता को अपना परिचय देकर एवं परिचय पत्र दिखाकर उससे खाद्य पदार्थ लाईसेन्स दिखाने के लिये कहा तो उसने खाद्य पदार्थ लाईसेन्स होना जाहिर किया। निरीक्षण के समय विक्रेता की डेयरी पर एक एल्यूमिनियम की एक केन में करीबन 280 लीटर दूध था। जिसे विक्रेता ने मिश्रित दूध एवं सरस डेयरी दौसा को विक्रय करना बताया। इसमें मिलावट का शक होने पर एक एल्यूमिनियम की केन में से हिलामिलाकर नमूने की जॉच हेतु 2 लीटर मिश्रित दूध खरीदा। जिसे विक्रेता ने भी हिलामिलाकर एक साफ सूखी एवं खाली स्टील की डोली(बाल्टी) में नापकर(तौलकर) दिया। जिसकी कीमत 100 रूपये नकद देकर बिल प्राप्त किया।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने नमूने के लिये खरीदशुदा 2 लीटर मिश्रित दूध को चार साफ सूखी एवं खाली कांच की बोतलों में बराबर—बराबर डालकर प्रत्येक बोतल में 40—40 बूंद फार्मलीन की डालकर बोतल को ढक्कन से बन्द कर चार लेबल तैयार कर लेबलों पर स्वयं ने हस्ताक्षर कर गवाहान व एफ.बी.ओं. के हस्ताक्षर करवाकर लेबलों को बोतलों पर चिपकाकर बोतलों को अलग—अलग एक खाकी कागज में लपेटकर बोतलों पर डी.ओ. व सीएमएचओ दौसा द्वारा जारी की गई हस्ताक्षर शुदा पेपर स्लीप कोड एवं सीरियल नम्बर ए.जी.—2842 गोंद से चिपकाकर बोतलों को एक मोटे मजबूत सख्त धागे से बांधकर बोतलों को चार—चार जगह से चपडी से सील मोहर कर

बोतलों पर एफबीओ(विक्रेता) व गवाहान के हस्ताक्षर करवाकर स्वयं ने हस्ताक्षर कर चारो सील बन्द बोतलों को अपने कब्जे में लिया। आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मौके पर फार्म नं. 5 ए की दो प्रतियां तैयार कर उस पर स्वयं ने हस्ताक्षर कर गवाहान के हस्ताक्षर करवाकर उसकी एक प्रति एफ.बी.ओ. विक्रेता को देकर उसकी रसीद फार्म नं. 5 ए पर प्राप्त की। आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मौके पर की गई कार्यवाही की फर्द रिपोर्ट तैयार कर उसे (विक्रेता) एफ.बी.ओ. व गवाहान को पढकर सुनाकर समझाकर उस पर स्वयं ने हस्ताक्षर कर एफ.बी.ओ. व गवाहान के हस्ताक्षर करवाये।

आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कार्यालय में आकर फार्म नं. 6 की छः प्रतियां तैयार कर प्रत्येक पर नमूना छाप (सील इम्प्रेशन) लगाकर फार्म नं0 6 की एक प्रति व नमूने की एक सील बंद बोतल एक आउटर कवर में चपडी से सील मोहर कर तथा फार्म नं0 6 की दो प्रतियां अलग से एक लिफाफे में सील मोहर कर नमूने की एक सील बंद बोतल व फार्म नं0 6 का सील बंद लिफाफा श्री महादेव प्रसाद सैनी च.श्र.क. मुख्यालय द्वारा दिनांक 7.2.2022 को खाद्य विश्लेषक राजस्थान अलवर के यहां जमा करवाये। नमूने के दो सील बन्द बोतल व फार्म नं0 6 की दो प्रतियां एक आउटर कवर में सील मोहर कर स्वयं द्वारा दिनांक 7.2.2022 को डी.ओ. व सी.एम.एच.ओ. दौसा को जमा करवाकर रसीद प्राप्त की तथा नमूने का चतुर्थ सीलबंद बोतल व फार्म नं0 6 की एक प्रति आउटर कवर में सील मोहर कर स्वयं द्वारा दिनांक 7.2.2022 को डी.ओ. व सी.एम.एच.ओ. को जमा करवाकर रसीद प्राप्त की।

उक्त खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध के नमूने की खाद्य विश्लेषक अलवर की जांच रिपोर्ट संख्या एल.एस./167/एक्ट/2022/167 दिनांक 16.02.2022 के अनुसार सबस्टैण्डर्ड पाया गया है। नमूना अमानक स्तर **(Substandard)** पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा न्याय निर्णय आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रार्थना पत्र प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर कर तलबी अप्रार्थी अभियुक्त की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं अप्रार्थी अभियुक्त की बहस सुनी गई।

बहस के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने निवेदन किया कि खाद्य विश्लेषक अलवर की जांच रिपोर्ट संख्या एल.एस./167/एक्ट/2022/167 दिनांक 16.02.2022 के अनुसार उक्त खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध के नमूने की बी. आर. रीडिंग 44.3 पायी गई है जो कि तय मानको से अधिक पाये जाने के कारण यह नमूना सबस्टैण्डर्ड पाया गया है। अप्रार्थी अभियुक्त द्वारा खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध का विक्रय कर एफएसएसए 2006 की धारा 26(2)(II) का उल्लंघन किया गया है। अतः अधिनियम की धारा 51 में वर्णित प्रावधानो के तहत अप्रार्थी अभियुक्त को अधिक से अधिक जुर्माने के दण्ड से दण्डित किया जावे। अप्रार्थी अभियुक्त द्वारा जवाब बहस के दौरान निवेदन किया गया कि हमारी ओर से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध में किसी प्रकार की मिलावट नहीं की गई है। हमारे द्वारा ग्रामीण परिवेश के विभिन्न पशुपालको से दूध क्रय किया जाकर बिना कोई मिलावट किये उस दूध का विक्रय किया जाता है। पशुपालको द्वारा जिस केन में दूध सप्लाई किया जाता है उस कैन में तेलीय पदार्थ की कुछ मात्रा रह जाने के कारण बी. आर. रीडिंग ज्यादा आ सकती है। भविष्य में इस प्रकार की कोई गलती हमारे द्वारा नहीं की जायेगी। अप्रार्थी अभियुक्त द्वारा प्रकरण में कम से कम जुर्माना लगाया जाकर प्रकरण को ड्रोप फरमाये जाने का निवेदन किया गया।

हमने उभयपक्ष की बहस पर मनन किया एवं पत्रावली का अवलोकन किया। परिवाद में वर्णित तथ्यों एवं इसके साथ संलग्न दस्तावेजात तथा खाद्य विश्लेषक अलवर की जांच रिपोर्ट संख्या एल.एस./167/एक्ट/2022/167 दिनांक 16.02.2022 के अनुसार उक्त खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध का नमूना बी. आर. रीडिंग ज्यादा आने के कारण सबस्टैण्डर्ड स्तर का पाया गया है। अप्रार्थी अभियुक्त ने सबस्टैण्डर्ड मिश्रित दूध का विक्रय कर एफएसएसए 2006 की धारा 26(2)(II) का उल्लंघन है। जिसका जुर्माना एफएसएसए 2006 की धारा 51 में वर्णित है।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अप्रार्थी अभियुक्त द्वारा सबस्टैण्डर्ड खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध का विक्रय किये जाने पर अपराध कारित होने के फलस्वरूप अप्रार्थी अभियुक्त श्री रामरतन गुर्जर पुत्र श्री मनफूल गुर्जर एफबीओ मैसर्सः– दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति कोड नं. 2265, ढण्ड की ढाणी, गुलर चौराहा तहसील बसवा जिला दौसा पर 10000 / –( अक्षरे दस हजार रूपये ) की शास्ति आरोपित की जाती है। अप्रार्थी अभियुक्त उक्त राशि निर्णय दिनांक 08.03.2023 के एक माह के अन्दर–अन्दर निर्धारित मद में जमा कराकर चालान की प्रति प्रस्तुत करे।

निर्णय मेरे द्वारा लिखवाया जाकर आज दिनांक 08.03.2023 को खुले न्यायालय में सुनाया गया ।

( सुरेश कुमार )
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट,दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

क्रमांक / FSSA/ दिनांकः– .03.2023

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. खाद्य सुरक्षा आयुक्त एवं निदेशालय (जन स्वास्थ्य) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं राज0 जयपुर।
2. अभिहित अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दौसा।
3. श्री रामरतन गुर्जर पुत्र श्री मनफूल गुर्जर एफबीओ मैसर्सः–दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति कोड नं. 2265, ढण्ड की ढाणी, गुलर चौराहा, तहसील बसवा जिला दौसा।

( सुरेश कुमार )
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट,दौसा